RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/07/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Mahanagar Sawandata, Amer, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में तकनीकी क्षेत्र में नवीनतम जानकारियाँ विषय आयोजन किया गया

आमेर। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में आरसीडब्ल्यूए द्वारा जुलाई माह के लिए निर्धारित विषय " तकनीकी क्षेत्र में नवीनतम जानकारियाँ" पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित वक्ता डॉक्टर हरलाल सिंह माली एसोसिएट प्रोफेसर मेकेनिकल इंजीनियरिंग मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलोजी ब्लॉक चेन तकनीक, साइबर सिक्यूरिटी, मानवोपयोगी मोबाइल एप्लीकेशन तथा तकनीकी क्षेत्र में केरियर निर्माण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी-83 बटालियन ने डॉक्टर हरलाल सिंह माली को एक नव अंकुरित पौधा देकर अनुग्रहित किया। इस अवसर पर सपना महला पायल, उपाध्यक्षा आरसीडब्ल्यूए 83 बटालियन के साथ जवान तथा जवानों के परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा दुसरे क्रार्यक्रम में श्रीराम शर्मा, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में डी/83 समवाय ने गोद लिये गये गाँव सालिगरामपुरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें श्रीराम शर्मा सहायक कमांडेंट शंकर लाल बैरवा, सरपंच कालूराम यादव, वार्ड पंच, ग्राम पंचायत सालिगरामपुरा के साथ ग्राम भवानीपुरा के निवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

वृक्षारोपण में फलदार, छांयादार एवं औषधीय महत्व के वृक्षों का वृक्षारोपण किया श्रीराम शर्मा सहायक कमांडेंट में ने हमारे जीवन में वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और सभी ग्रामवासियों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने, पेड़ों को नहीं काटने तथा अपने दोस्तों व रिश्तेदारों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु जागरूक करने के लिए बताया। इस अवसर पर ग्रामवासी बच्चे एवं वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

Rajasthan Darshan, Jaipur, (RAJ)

जवानों ने विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

महानगर संवाददाता

जयपुर। 83 बटालियन द्रुत कार्य बल, लालवास के कमांडेट प्रवीण कुमार सिंह और द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के निर्देशानुसार उप कमांडेट प्रवीण कुमार के नेतृत्व में बटालियन के जवानों ने मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ग्राम नरपतियावास तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरपतियावास में विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पौधे लगाए।

बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, महिलाएं एवं विद्यालय के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर पौधरोपण में भाग लिया। सैन्य अधिकारियों ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य रंजना माहेश्वरी, निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार शर्मा, निरीक्षक रामसिंह मुक्कड़ सहित अन्य कार्मिक भी शामिल हुए।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

83BN RAF TREE PLANTATION DRIVE, JAIPUR, (RAJASTHAN)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।